


**रोहित से पहले कप्तान शाहिद अफरीदी थे**

रोहित शर्मा ने इस क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में जयपुर में 48 रन की पारी खेली थी जबकि दूसरे मैच में रांची में उन्होंने 55 रन बनाए तो वहीं तीसरे मैच में कोलकाता ने एक बार फिर से अर्धशतक लगाते हुए 56 रन बनाए। रोहित की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर भारत को सीरीज में जीत मिली और उन्हें प्लेयर आफ द सीरीज का खिताब दिया गया। वहीं वर्ल्ड लेवल पर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल सीरीज में प्लेयर आफ द सीरीज का खिताब जीतने वाले पहले कप्तान शाहिद अफरीदी थे। अफरीदी के बाद अब रोहित शर्मा ने ये कमाल किया।

## प्लेयर आफ द सीरीज टाइटल जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान बने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के नए कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में पहली बार न्यूजीलैंड का क्लीन स्वीप भारतीय सरजमीं पर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट सीरीज में किया। इस पूरे सीरीज के दौरान खुद रोहित शर्मा और उनकी कप्तानी में भारतीय खिलाड़ी चैंपियन की तरह प्रदर्शन करते नजर आए। कीवी टीम की मजबूत गेंदबाजी के खिलाफ रोहित शर्मा का बल्ला भी इस सीरीज में खूब चला और वो फ्रंट से टीम को लीड करते नजर आए। हालांकि रोहित शर्मा को आगे और भी सफर तय करना है, लेकिन फिलहाल तो वो एक दमदार कप्तान के तौर पर विराट कोहली के बाद टी20 क्रिकेट में उभरे हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट सीरीज में प्लेयर आफ द मैच जीतने वाले पहले भारतीय कप्तान बनने का गौरव रोहित शर्मा ने हासिल किया। रोहित शर्मा से पहले ये उपलब्धि किसी अन्य भारतीय कप्तान ने अपने नाम नहीं किया था। भारत की तरफ से इस टी20 क्रिकेट सीरीज के तीनों मैचों में रोहित शर्मा सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बने।

# भारत में प्रतिभा की कमी नहीं है, हमारे पास कई विकल्प: रोहित

**क्रिकेट**

## ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हमेशा से रहे है आक्रामक विकल्प




**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में बीच के ओवरों में जब टीम को विकेटों की जरूरत होती है तो ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन हमेशा आक्रामक विकल्प होते हैं। टी20 के नए कप्तान रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3–0 से जीत में टीम की गेंदबाजी को सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू करार दिया। इस महीने के शुरू में टी20 विश्व कप में चार साल बाद सीमित ओवरों की टीम में वापसी करने वाले 35 वर्षीय अश्विन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था तथा बीच के ओवरों में रन पर लगाम लगाने के साथ विकेट भी हासिल किए।

रोहित ने तीसरे टी20 में 73 रन से जीत के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'वह किसी भी कप्तान के लिए हमेशा आक्रामक विकल्प होते हैं। जब आपके पास उन जैसा गेंदबाज टीम में होता है तो इससे आपको बीच के ओवरों में विकेट हासिल करने का मौका मिलता है और हम जानते हैं कि यह चरण कितना महत्वपूर्ण होता है।' उन्होंने कहा, 'दुबई में खेलने के बाद से ही उन्होंने शानदार वापसी की है। वह बेहतरीन गेंदबाज हैं और हम सभी यह अच्छी तरह से जानते हैं।'

रोहित ने कहा, 'पिछले कई वर्षों से उन्होंने टेस्ट मैचों में खुद को साबित किया है और यहां तक कि सीमित ओवरों की क्रिकेट में उनका रिकार्ड बुरा नहीं है। उन्होंने दुबई और यहां दो मैचों में जिस तरह से गेंदबाजी की उससे उनकी योग्यता का पता चलता है।'

अश्विन ने जयपुर में चार ओवर में 23 रन देकर दो और रांची में 19 रन देकर एक विकेट लिया था। अक्षर पटेल के साथ मिलकर उन्होंने बीच के ओवरों में रन प्रवाह रोका था।

रोहित ने कहा, 'आप जानते हैं कि बीच के ओवरों में आपको रन गति पर अंकुश लगाने और विकेट हासिल करने की जरूरत पड़ती है और अश्विन ने अक्षर के साथ मिलकर हमारे लिए ऐसा किया। ये दोनों बीच के ओवरों में विकेट हासिल करने के विकल्प हैं। इसलिए एक कप्तान के लिये उन जैसे गेंदबाजों की मौजूदगी अच्छे विकल्प मुहैया कराती है।' रोहित से पूछा गया कि राहुल द्रविड़ और उन्होंने टी20 विश्व कप के लचर प्रदर्शन के बाद टीम को कैसे जीत की राह पर लौटाया, उन्होंने कहा, 'हम टीम के अंदर स्वस्थ माहौल तैयार करने की कोशिश कर रहे हैं। खिलाड़ियों को सुरक्षा प्रदान करने की कोशिश कर रहे हैं ताकि वे स्वच्छंद होकर खेल सकें।' रोहित ने कहा, 'यह कप्तान और कोच का काम है कि वे खिलाड़ियों को बताएं कि वे क्या समझते हैं।'

# बहुत किस्मत वाले हैं अजिंक्य रहाणे जो अभी तक टीम में है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। गौतम गंभीर ने कहा कि अजिंक्य रहाणे बहुत किस्मत वाले हैं कि वह अभी तक टेस्ट टीम का हिस्सा हैं। रहाणे गुरुवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही टेस्ट सीरीज में टीम का हिस्सा हैं। विराट कोहली की गैर–मौजूदगी में वह कानपुर में पहले टेस्ट में टीम की कप्तानी भी करेंगे।

पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि रहाणे को खराब फॉर्म के बाद भी टीम में इसलिए रखा गया है कि उन्हें कोहली की अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी करनी है। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। कोहली, जो फिलहाल ब्रेक पर चल रहे हैं, ग्रीन पार्क में होने वाले पहले टेस्ट में टीम के साथ नहीं होंगे। वह 3 दिसंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि पहले खबरें थीं कि रोहित शर्मा टीम की कप्तानी करेंगे लेकिन बाद में रोहित को टेस्ट सीरीज से आराम दे दिया गया।

गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स के शो गेम–प्लान में पहले टेस्ट मैच के लिए टीम इंडिया का बैटिंग लाइन–अप चुनते समय ये बातें कहीं। गंभीर ने मयंक अग्रवाल और केएल राहुल को ओपनर और शुभमन गिल को नंबर चार पर बल्लेबाजी के लिए चुना।

गंभीर ने कहा, मैं मयंक अग्रवाल के साथ केएल राहुल को सलामी बल्लेबाज के तौर पर चुनूंगा क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड में पारी की शुरुआत की है। इसके साथ ही शुभमन गिल को नंबर चार पर बल्लेबाजी करवाऊंगा। अपने पिछले 15 टेस्ट मैचों में अजिंक्य रहाणे ने 24.76 के औसत से 644 रन बनाए हैं। 33 वर्षीय इस बल्लेबाज को स्पिनर्स और पेसर्स दोनों ने खूब परेशान किया है। रहाणे की खराब फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय है।

## अब कभी दौड़ नहीं पाएंगे पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लाहौर। क्रिकेट के सर्वकालिक सबसे तेज गेंदबाजों में से एक पाकिस्तान टीम के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी शोएब अख्तर ने खुलासा किया है कि उनके अब उनके दौड़ने के दिन खत्म हो गए हैं, क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी के लिए जा रहे हैं। अलग तरह का गेंदबाजी एक्शन रखने वाले अख्तर का शानदार करियर अक्सर चोटों से भरा रहा। दो साल पहले 46 वर्षीय शोएब अख्तर ने मेलबर्न में एक घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी करवाई थी। अख्तर ने अपने ट्विटर हैंडल पर अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। इस तस्वीर में वे शारीरिक गतिविधि करने के बाद खड़े हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने काफी भाग–दौड़ की है और वे निराश हैं कि वे आगे दौड़ नहीं पाएंगे, क्योंकि अब उनका घुटना रिप्लेस होगा, जिसके कारण उनके दौड़ने के दिन खत्म हो गए हैं। अपनी तस्वीर पोस्ट करते हुए कैप्शन में शोएब अख्तर ने लिखा है, मेरे दौड़ने के दिन समाप्त हो गए हैं, क्योंकि मैं बहुत जल्द आस्ट्रेलिया के मेलबर्न में पूरे घुटने के रिप्लेसमेंट के लिए रवाना हो रहा हूं।

## न्यूज डायरी




### हाय री किस्मत, श्रीलंका के बल्लेबाज धनंजय डि सिल्वा हुए हिट–विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गॉल। श्रीलंका के बल्लेबाज धनंजय डिसिल्वा वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच में बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से हिटविकेट हुए। गॉल में खेले जा रहे टेस्ट मैच में सोमवार को वह श्रीलंका की पहली पारी के दौरान हिटविकेट हुए। पांचवें नंबर पर बैटिंग करने उतरे धनंजय डि सिल्वा (61) अच्छी लय में बल्लेबाजी कर रहे थे। उन्होंने मैच के पहले दिन अच्छी पारी खेली थी। डि सिल्वा 95वें ओवर में शैनन ग्रैबियल की गेंद पर आउट हुए। गेंद धनंजय के बल्ले से लगकर विकेटों की ओर जा रही थी। उन्होंने उसे अपने बल्ले से रोकने की कोशिश की। क्रिकेट के नियमानुसार बल्लेबाज ऐसा कर सकता है। हालांकि पहले प्रयास में गेंद बल्ले से नहीं लगी। उन्होंने दोबारा कोशिश की और यहीं उनका बल्ला विकेटों से टकरा गया। टेस्ट क्रिकेट में धनंजय दूसरी बार हिट विकेट हुए हैं। रोमेश कालूवितराना के अलावा वह टेस्ट क्रिकेट में दो बार हिट विकेट होने वाले श्रीलंका के दूसरे बल्लेबाज बन गए।

### पाकिस्तान को हराने के बाद बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम का जबर्दस्त सेलिब्रेशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हरारे। बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम ने वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर के अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। रविवार, 21 नवंबर को निगार सुल्ताना की कप्तानी वाली बांग्लादेशी टीम ने हरारे स्पोर्ट्स क्लब में पाकिस्तान को तीन विकेट से मात दी। यह मैच काफी रोमांचक रहा क्योंकि 202 के लक्ष्य को बांग्लादेश ने दो गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। उसके गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया पाकिस्तान को सात विकेट पर 201 रन के स्कोर पर रोक लिया। एक वक्त उन्होंने पाकिस्तान को 17.5 ओवर में 49 रन पर रोक लिया था। नादिरा अख्तर और ऋतु मोनी ने शुरुआत में अच्छे विकेट लिए। आयशा जफर का रन–आउट होना भी पाकिस्तान को भारी पड़ा। इसके बाद निदा डार और आलिया रियाज ने छठे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की और पाकिस्तान को मुश्किल से निकाला।

### शाहरुख की तूफानी बल्लेबाजी, तमिलनाडु को दूसरी बार बनाया चैंपियन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सैयद मुश्ताक अली ट्राफी के फाइनल में तमिलनाडु ने शाहरुख खान की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर कर्नाटक को मात देकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कर्नाटक ने 7 विकेट पर 151 रन का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में आखिरी गेंद पर शाहरुख के छक्के के दम पर तमिलनाडु ने 6 विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर ट्राफी अपने नाम की। पिछले सीजन में भी ट्राफी पर टीम ने अपना कब्जा जमाया था। सैयद मुश्ताक अली ट्राफी फाइनल में सोमवार 22 नवंबर को खेले गए मुकाबले में तमिलनाडु ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। साइ किशोर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कर्नाटक को रन बनाने के ज्यादा मौके नहीं दिया। नीचले क्रम में प्रवीन दुबे और एमबी दर्शन ने उपयोगी पारी खेलकर टीम को 151 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया।

### चहल ने अपनी इस तस्वीर के लिए मांगा कैप्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज का समापन हो गया है। रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले गए सीरीज के दूसरे मैच के बाद भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्रा चहल ने एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की थी। चहल ने जो फोटो इंस्टाग्राम पर पोस्ट की, उसमें टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत नजर आ रहे हैं। रोहित शर्मा और रिषभ पंत के साथ अपनी फोटो पोस्ट करते हुए सिर्फ इतना लिखा था, इसे कैप्शन दो। चहल की इस पोस्ट पर कई फनी कमेंट्स भी देखने को मिले, जबकि रितिका सजदेह ने लिखा, "Sorry Boys, लेकिन रिट्स (रितिका) मेरी नंबर वन है।